न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, शिव

(पीठासीन अधिकारी श्री महावीरसिंह जोधा, RAS)

राजस्व वाद संख्या 14/2022 अन्तर्गत धारा 53, 188 RT Act.

वादीगण	बनाम	प्रतिवादीगण
वीरेन्द्रसिंह पुत्र सरदारसिंह जाति राजपूत, निवासी राणेजी की बस्ती तहसील शिव, जिला बाडमेर		1. तेजमालसिंह पुत्र सरदारसिंह 2. मेताबसिंह पुत्र नवलसिंह जाति राजपुत, निवासी राणेजी की बस्ती तहसील शिव, जिला बाड़मेर 3. तहसीलदार शिव

उपस्थित :– 1. अधिवक्ता वादी – श्री जेठाराम कुमावत।

–:: निर्णय ::–

दिनांक : 03.07.2023

वादी अधिवक्ता को विभाजन प्रस्ताव पर सुना एवं पत्रावली का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया गया। विभाजन प्रस्ताव न्यायालय द्वारा जारी प्राथमिक डिंक्री के अनुसार तैयार किया गया है तथा वादी अधिवक्ता द्वारा तहसीलदार शिव से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव अनुसार वादग्रस्त भूमि विभाजित किये जाने में अपनी सहमति व्यक्त की गई है। तहसीलदार शिव से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव रिपोर्ट अनुसार सहमति प्रदान करने पर विभाजन प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

लिहाजा माफिक विभाजन प्रस्ताव अनुसार वादी का वाद स्वीकार किया जाकर तहसील शिव, पटवार मण्डल नीम्बला के ग्राम विरधसिंह की ढाणी के खेत खसरा नम्बर 235 रकबा 12.0920 हैक्टेयर भूमि निम्नानुसार पक्षकारान् के नाम के आगे अंकित मुताबिक पृथक खातेदारी में घोषित की जाती है –

क्र. सं.	नाम खातेदार	राजस्व ग्राम	खसरा नम्बर	रकबा (हैक्ट. में)	किस्म	लगान	बरंग
1	वीरेन्द्रसिंह पुत्र सरदारसिंह कौम राजपुत, सा. कोटड़ा खातेदार	विरधसिंह की ढाणी	235	3.000	बा.दो.	–	पीला
2	तेजमालसिंह पुत्र सरदारसिंह 1/3 कौम राजपुत सा. कोटड़ा खातेदार मेताबसिंह पुत्र नवलसिंह 2/3 कौम राजपुत सा. कोटड़ा खातेदार	विरधसिंह की ढाणी	235	9.000	बा.दो.	–	गुलाबी
3	शामलाती खातेदारान् खसरा नम्बर 235 बदस्तुर खतौनी	विरधसिंह की ढाणी	235	0.0920	बा.दो.	–	लाल

तहसीलदार शिव को इसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करने एवं नक्शा ट्रेस में प्रस्ताव अनुसार परिवर्तन सुनिश्चित करने के आदेश दिये जाते है। विभाजन प्रस्ताव अनुसार पक्षकारों को बराबर हिस्सा मिल रहा है। विभाजन प्रस्ताव के संलग्न प्राप्त नक्शा निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तदनुसार डिक्री मुर्त्तब जारी हो।

न्यायालय सहायक कलक्टर शिव, जिला-बाड़मेर, सत्यमेव जयते

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव

निर्णय आज दिनांक 03.07.2023 सरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव

Scanned with OKEN Scanner